# भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय, शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Phone ☽ : 2661263,2737446 Fax: 2737446
Website:www.bsgmp.net E_mail:bsgmadhyapradesh@gmail.com


क्र0 /8624/ रा0मु0 / एडवेंचर / रा.सहा.गति.सें. / 14 भोपाल, दिनांक 25-6-14

प्रति,

1. समस्त सयुक्त संचालक लोक शिक्षण / सहायक राज्य संगठनायुक्त–स्काउट / गाइड
......................संभाग मध्यप्रदेश

2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी / सहायक आयुक्त (आ.वि.)
पदेन
जिला कमिश्नर–स्काउट
जिला–

**विषयः– मध्यप्रदेश स्टेट एडवेंचर सेंटर स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम – जुलाई–2014**
**प्रसंगः– प्रदेश के वार्षिक कार्यक्रमानुसार 2014–15 के अनुक्रम में ।**

---------

महोदय,

**उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रानुसार स्टेट एडवेंचर सेंटर भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश स्टेट एडवेंचर शिविर का आयोजन माह जुलाई 2014 मे किया जा रहा है। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी एवं शुल्क निम्नानुसार रहेगा।**

भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश का स्टेट एडवेंचर सेंटर प्रांरभ किया गया है जिसका मुख्यालय राज्य मुख्यालय, भोपाल रखा गया है यह सभी शासकीय / अशासकीय विद्यालयों के स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर तथा अन्य विद्यार्थियों एवं समूह के लिये खुला है। स्टेट एडवेंचर सेंटर में संलग्न हेंडआउट अनुसार साहसिक गतिविधियों (कार्यक्रम)का संचालन किया जावेगा। माह जुलाई–2014 स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम की सूचना निम्न प्रकार है

1. **पंजीयन शुल्कः**–एडवेंचर शिविर हेतु पंजीयन शुल्क रूपये 100 / – है जो वापिस नहीं किया जायेगा तथा शिविर प्रार्थना पत्र के साथ ही भिजवायें ।
2. **शिविर शुल्कः**– शिविर शुल्क प्रत्येक प्रतिभागी हेतु रूपये 900 / – होगा जिसमें प्रतिभागियों को प्रशिक्षण, भोजन, आवास, प्रशिक्षण सामग्री व्यय, इंश्योरेंस, प्राथमिक चिकित्सा व्यय एवं टी.शर्ट, केप शामिल है।
3. **शिविर स्थल पर उपस्थितिः** –प्रत्येक प्रतिभागी को शिविर दिनांक के पहले दिन दोपहर 12.00 बजे से पहले शिविर स्थल पर उपस्थित होना है । चयन पत्र प्राप्त होने पर ही शिविर में स्वीकार किये जायेगें ।
4. **शिविर से प्रस्थान का समयः**–प्रत्येक प्रतिभागी शिविर के अंतिम दिन दोपहर के बाद ही शिविर स्थल छोड़ सकता है ।
5. **कार्यक्रमः**–शिविर कार्यक्रम प्रथम दिन से अंतिम दिन तक रहेगा जिसमें ट्रेकिंग, ओबस्टिकल, मांउटेनियरिंग, केंपिंग, स्टार गेजिंग, रेपिलिंग, रीवर क्रोसिंग, ओवरनाईट हाईक बिना बर्तन के भोजन बनाना तथा अन्य साहिसिक गतिविधियां शामिल है ।
6. **शिविर सामग्रीः**–प्रत्येक प्रतिभागी को निम्नांकित सामग्री अपने साथ लाना है –
–02 पासपोर्ट साईज कलर फोटो
–वाटर बॉटल, लंच बाक्स, प्लेट, ग्लास या मग, चम्मच, टार्च, चाकू, मोमबत्ती, माचिस ।
–नोट बुक, पेन, फर्स्ट एड किट, बैंडेड, बोरोलीन, कोल्ड क्रीम, वाटर प्यूरीफाइंग गोली, ओडोमॉस,टॉयलेट सामग्री ।
–रूक शैक, चादर, हंटर या स्पोर्टस जूते, अतिरिक्त मोजे, वाटर प्रूफ शीट 6X3
–स्लीपिंग बैक या कम्बल, मौसम से अनुसार कपड़े, पूरी बॉहों की टी शर्ट, ग्रे कलर या नेव्ही ब्ल्यू पेंट या जींस ।

निरंतर......................2

–स्काउट व गाइड पूर्ण यूनिफार्म साथ लावें । (स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर हेतु अनिवार्य)

3. **सुरक्षाः–** यद्यपि भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश प्रतिभागियों की सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रहा है लेकिन किसी भी अनहोनी या दुर्घटना के लिये भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश जिम्मेदार नहीं होगा । प्रतिभागी के साथ आने वाले अध्यापकों की पूर्ण जिम्मेदारी है कि वे शिविर से पहले शिविर के बीच व शिविर के बाद अपने साथ आये प्रतिभागियों का पूर्ण ध्यान रखें ।
4. **चिकित्सा जाँचः–** प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी चिकित्सा जाँच पूर्ण रूप से करानी चाहिये ताकि वे सारी गतिविधियों में भाग ले सकें, इसका प्रमाण–पत्र प्रार्थना पत्र के साथ ही भेजा जावे
5. एस्कोटिंग अध्यापक को भी शिविर शुल्क व पंजीयन शुल्क देना होगा। शिविर प्रार्थना पत्र के साथ चिकित्सा प्रमाण–पत्र व 02 पासपोर्ट साइज फोटो जमा कराना होगा। तथा उन्हें हर समय प्रतिभागियों के साथ रहना होगा ।
6. उचित जानकारी हेतु स्वयं का पता लिखा लिफाफा 9"x4" रूपये 10 की डाक टिकिट लगा साथ भेजे।
7. **शिविर दिनांक व स्थान** :–

| क्र | कार्यक्रम क्र | अवधि दिवस | माह | तिथि से | तिथि तक | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडवेंचर प्रोग्राम–4 | 05 | जुलाई 2014 | 24 | 28 | कालाकुण्ड इन्दौर |

8. कैसे पहुँचे :– क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र कालाकुंड पहुँचने हेतु सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन इन्दौर है, जहॉ से समय–समय पर रेल सेवा उपलब्ध है। कालाकुंड प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर–खंडवा रेलखंड पर स्थित है।
9. यात्रा व्यय :– स्वयं के व्यय पर आना–जाना।
10. **चयन पत्रः–** प्रवेश प्रार्थना पत्र, चिकित्सा पत्र के साथ पंजीयन राशि शिविर दिनांक से 10 दिवस पूर्व प्राप्त होने पर प्रत्येक प्रतिभागी को शिविर हेतु चयन पत्र/एस.एम.एस./ई–मेल द्वारा भेजा जायेगा । बिना चयन पत्र के शिविर में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

**शिविर हेतु सीमित संख्या है पहले आओ पहले पाओ के आधार पर चयन किया जाएगा।**

संलग्न – आवेदन फार्म

**राज्य सचिव**
भारत स्काउट एवं गाईड म.प्र.
भोपाल, दिनांक 25-6-14

क्र0/ 8625 /रा0मु0/एडवेंचर/रा.सहा.गति.सें./2014

**प्रतिलिपि :सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. प्रमुख सचिव, खेलकूद विभाग, मध्यप्रदेश।
2. संचालक, खेलकूद, यूवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश
3. संचालक, भारत स्काउट एवं गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली।
4. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश, भोपाल की ओर।
5. आयुक्त, आदिवासी विकास मध्यप्रदेश की ओर।
6. समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्का./गा.)/जिला संगठन आयुक्त(स्का./गा.)। जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्का./गा.), भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र., की ओर।
7. वार्डन, कालाकुंड(इंदौर) भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.।

**राज्य सचिव**
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.